
## 5.3 Social Impact of Extension Activities:

1. NSS, NCC, Ranger and Rovers, Eco club, Road Safety club and RRC conducted **awareness rallies** throughout the year to the adopted villages on cross-cutting issues such as HIV/AIDS awareness, voter awareness, road safety awareness etc.



# विद्यार्थियों से किया नशे से दूर रहने का आह्वान

### सलूणी कालेज के विद्यार्थियों ने रैली निकालकर लोगों को किया जागरूक



सलूणी : महाविद्यालय में विद्यार्थी लोगों को एड्स और नशे के दुष्प्रभावों बारे में जागरूक करते हुए। (शक्ति)

सलूणी, 23 अगस्त (शक्ति): राजकीय महाविद्यालय सलूणी में रैड रिबन क्लब, महिला प्रकोष्ठ, एंटी ड्रग्स क्लब तथा एन.एस.एस. के संयुक्त तत्वावधान में विशेषातिथि व्याख्यान का शनिवार को आयोजन किया गया। इसमें खंड चिकित्सा अधिकारी, किहार डा. सुनील कक्कड़ मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने एच.आई.वी. संक्रमण फैलने के 4 मुख्य कारणों पर चर्चा की।

उन्होंने कहा कि एड्स को रोकने का एक ही उपाय है एच.आई.वी. को फैलने से रोकना, जिसमें युवाओं को न सिर्फ स्वयं जागरूक होना है बल्कि दूसरों को इस बीमारी और इस संक्रमण से अवगत कराना है और समाज से संक्रमण से संबंधित भ्रांतियों और पूर्वाग्रहों को दूर करना है।

डा. सुनील ने युवाओं को ड्रग्स और नशीली पदार्थों से दूर रहने की सलाह दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. मोहिंदर कुमार सलारिया ने कहा कि युवा ड्रग्स की दलदल में धंस रहे हैं, जोकि चिंताजनक विषय है। इसी को देखते हुए भारत सरकार ने 31 अगस्त तक नशा मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत महाविद्यालयों में कार्यक्रम करने के निर्देश दिए हैं।

इस व्याख्यान के अतिरिक्त शनिवार को महाविद्यालय के एन.एस.एस., रेंजर व रोवर, रैड रिबन क्लब व एंटी ड्रग क्लब के संयुक्त तत्वावधान में पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें कुल 35 प्रतिभागियों ने भाग लिया है। इसका विषय 'नशा मुक्त हिमाचल' और 'एच.आई.वी. मुक्त हिमाचल' था। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के छात्रों के द्वारा गोठ गांव तक रैली का आयोजन किया गया। छात्रों ने नारों से गांववासियों को ड्रग्स, शराब आदि से दूर रहने और एच.आई.वी. संक्रमण को रोकने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा कार्यालय से तेज राम व महाविद्यालय के प्रवक्ता पिंकी देवी (संयोजक एंटी ड्रग प्रकोष्ठ व महिला प्रकोष्ठ), दिनेश कुमार (संयोजक आई.क्यू.ए.सी.), सौरभ मिश्रा (नोडल प्रभारी रैड रिबन क्लब), पंकज कुमार (प्रोग्राम ऑफिसर एन.एस.एस.) एवं शुभम डोगरा (रोवर प्रभारी) भी उपस्थित रहे और कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन किया।

2. **Contribution of NSS Volunteers under "Swacchha Bharat Mission":**

# स्वयंसेवियों ने सियुला में संवारे पेयजल स्रोत



सलूणी कालेज के स्वयंसेवी सियुला में स्वच्छता अभियान के दौरान • सौ. कालेज

संवाद सहयोगी, जागरण • सलूणी : राजकीय महाविद्यालय सलूणी में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का पांचवां दिन मंगलवार उत्साह और जोश से भरा रहा। सुबह सत्र की शुरुआत प्रार्थना, योग एवं व्यायाम से हुई।

इसके बाद स्वयंसेवियों को दिनभर की गतिविधियों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। स्वयंसेवी सलूणी पंचायत के सियुला गांव गए, जहां उन्होंने पेयजल स्रोतों की सफाई की और रास्ते की मरम्मत की। इन गतिविधियों में स्थानीय निवासियों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।


दिनभर स्वच्छता एवं जागरूकता गतिविधियां संचालित की गईं, जिनसे लोगों को स्वच्छता, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। सायंकालीन सत्र में पुलिस विभाग के एएसआइ यशपाल मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने स्वयंसेवियों को सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों के पालन, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग और नशे में वाहन न चलाने के संबंध में जानकारी दी। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी पंकज कुमार ने मुख्य वक्ता एवं स्वयंसेवियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व और नेतृत्व क्षमता का विकास करती हैं। पंकज कुमार ने बताया कि सभी गतिविधियां सफलतापूर्वक संपन्न हुईं।



# एनएसएस स्वयंसेवियों ने चलाए सफाई अभियान

संवाद सहयोगी, जागरण • सलूणी : राजकीय महाविद्यालय सलूणी द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत सेवा और जागरूकता संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 27 एवं 28 दिसंबर को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। 27 दिसंबर 2025 को संपूर्ण राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने गोद लिए गए गांव कैहमली में सफाई अभियान चलाया। स्वयंसेवकों ने स्थानीय पनिहार (पानी के स्रोत) की सफाई की, जिसमें ग्रामीणों ने भी सक्रिय सहयोग दिया।

शाम को एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें मेडिकल विभाग से रोहित ठाकुर मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने स्वयंसेवकों को एड्स, टीबी और प्राथमिक उपचार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। 28 दिसंबर को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने खरोठी पंचायत के गांव छुलेरा में रास्ता निर्माण में सहयोग किया और वहां स्थित पनिहार की सफाई भी की। शाम के सत्र में गोद लिए गए गांव देवगाह के निवासी मदन मोहन शर्मा ने अतिथि व्याख्यान के माध्यम से स्वयंसेवकों को समाज एवं परिवार के प्रति कर्तव्यों और अन्य नैतिक एवं सामाजिक मूल्यों के बारे में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। इन गतिविधियों से स्वयंसेवकों में सेवा भावना, सामाजिक जिम्मेदारी और स्वच्छता के प्रति जागरूकता का विकास हुआ।




सलूणी कालेज के एनएसएस स्वयंसेवी शिविर के दौरान। बच्चों ने शिविर के दौरान विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया • जागरण

3. **During Pulse Polio campaign, elections, Anti-Drug and Anti-Tobacco campaign, the institution, staff and students provide help and assistance to the District administration and Block Medical Office.**

## सलूणी कालेज में विशेष जागरूकता कार्यक्रम

सलूणी। राजकीय महाविद्यालय सलूणी में शनिवार को चुनावी साक्षरता क्लब की ओर से एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्षम का मुख्य उददेश्य महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को मतदान के महत्व और लोकतांत्रिक प्रक्षिया में उनकी सक्षिय भागेदारी के प्रति जागरूक करना रहा। क्लब द्वारा छात्रों को मतदान के अधिकार, मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की प्रक्षिया और चुनावों में सूचित निर्णय लेने के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस पहल से युवा मतदाताओं को अपनी जिम्मेदारी समझने और राष्ट्र् निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस कार्यक्षम में महाविद्यालय के प्राचार्य डा. मोहिंदर कुमार सलारिया, दिनेश कुमार, पिंकी देवी, गुरदेव, डा. सौरभ मिश्रा,शुभम तथा पंकज कुमार उपस्थित रहे।



4. Contribution of NSS volunteers in the community kitchen (Dham) for Manimahesh pilgrims:



Sh. Pankaj Kumar
SAR Convener Criterion V

16/3/26
Dr. Mohinder Kumar Slariya
Principal, GDC Salooni

Principal
Govt. Degree College
Salooni, Chamba, H.P.